लखनऊ
सोमवार, 04 मार्च 2024
वर्षः-08 अंकः-32
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
# करण वाणी

मनुष्य कर्म से महान होता है, जन्म से नहीं।
**आचार्य चाणक्य**

## पेपर लीक कांड पर बोले सीएम योगी-बख्शे नहीं जाएंगे

# जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे, बाप-दादा की प्रॉपर्टी होगी जब्त...

योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने को बहुत गंभीरता से लिया है। सरकार ने स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण का शुभारंभ किया है और स्मार्ट क्लास के लिए अनुदान भी किया है। योगी ने यूपी को डिजिटल इंडिया में अग्रणी बनाने का आह्वान किया।

करण वाणी, न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। यही नहीं, सरकार उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी जब्त कर लेगी। राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में सीएम योगी प्रदेश सरकार के स्मार्टफोन-टैबलेट वितरण अभियान में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने 1500 स्टूडेंट्स को टैबलेट और 3 हजार को स्मार्टफोन दिया।

**सीएम ने प्रोजेक्ट अलंकार का शुभारंभ किया**

सीएम ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट अलंकार के कामों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। 4 इंटर कॉलेजों के प्रिंसिपलों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। योगी ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे।

**2 करोड़ युवाओं को मिलेंगे स्मार्ट फोन-टैबलेट**

योगी ने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना लॉन्च कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया। इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है। ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन-पाठन को बाधित न कर पाए। कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन-पाठन ठप हो गया था, तब ढट मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। आज प्रदेश में 20 लाख युवाओं को बिना भेदभाव स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

**योजनाओं से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे युवक**

उट योगी ने बताया कि इन स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है। जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे यूपी को डिजिटल इंडिया में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें।




जर्जर नहीं रहेंगे सेकेंडरी स्कूलह्ल

योगी ने कहा- जर्जर माध्यमिक विद्यालयों को इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत करने के लिए प्रोजेक्ट अलंकार की शुरूआत की गई है। सरकार पैसा दे रही है, कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट अलंकार में राजकीय विद्यालय के लिए सरकार शत प्रतिशत अनुदान देती है। जबकि सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय को 75 प्रतिशत अनुदान सरकार देती है और 25 प्रतिशत हिस्सा विद्यालय प्रबंधन को देना होता है। संस्कृत विद्यालयों को इसमें 90 प्रतिशत अनुदान मिलता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को जर्जर हालत से मुक्ति दिलाने के साथ नियमित सफाई पर भी ध्यान दें।

# अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन को किया इग्नोर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को भी ईडी दफ्तर में पूछताछ में शामिल नहीं हुए. ईडी ने आठवां समन जारी कर 4 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था।

करण वाणी, न्यूज

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला केस में जांच का सामना कर रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के आठवें समन को भी इग्नोर कर दिया है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज यानी सोमवार को भी ईडी दफ्तर में पूछताछ में शामिल नहीं होंगे. यह आठवीं बार है, जब अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए. ईडी ने आठवां समन जारी कर 4 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया था।

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय के समन के पर अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है और इसे गैर कानूनी बताया. हालांकि, उन्होंने कहा कि वह ईडी के हर सवाल का जवाब देने को तैयार हैं, मगर अभी नहीं. उन्होंने जवाब देने के लिए ईडी से 12 मार्च के बाद की कोई तारीख की मांग की है. उन्होंने कहा कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही पूछताछ में शामिल होंगे।

बता दें कि इससे पहले ईडी ने पिछले हफ्ते वित्तीय जांच एजेंसी के सामने पेश होने के लिए सातवां समन जारी किया था. इससे पहले 19 फरवरी को केजरीवाल कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के सिलसिले में ईडी के छठे समन में शामिल नहीं हुए थे. ईडी ने 31 जनवरी को केजरीवाल को समन जारी किया था और उन्हें 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था. यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था।



ईडी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते थे और बहाने देते रहे. एजेंसी ने कहा कि अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम आदमी के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित होगा. आप सूत्रों ने पहले ही कहा था कि मुख्यमंत्री ईडी के पास नहीं जाएंगे, क्योंकि मामला कोर्ट में है, कोर्ट में अगली सुनवाई 16 मार्च को है।

# पत्रकारों के लंबित मामलों को शीघ्रता से निपटाया जाएगाः अनिल राजभर

## एनयूजे वाराणसी इकाई का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




करण वाणी, न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा है कि राज्य के श्रम विभाग में लंबित मामलों का जल्दी सेजल्दी निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद पत्रकारों को न्याय दिलाने के लिए तेजी से कार्य किया जाएगा। इन मामलों के निस्तारण के लिए खुद निगरानी रखेंगे।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, उत्तर प्रदेश की वाराणसी इकाई के नवनिवार्चित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह और राष्ट्रनिर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री राजभर ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता जब सत्ता में थे, तब पत्रकारों के चुभने वाले सवालों पर उनके मालिकों का नाम पूछा जाता था। उन्होंने कहा कि इस तरह की चीज किसी के लिए ठीक नहीं है चाहे वह समाज हो चाहे राजनीति हो। राजनीति और पत्रकार का तो चोली दामन का रिश्ता है अगर पत्रकारिता न रहे तो हमारी उपयोगिता पर प्रश्न खड़ा हो सकता है। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की समीक्षा करने का मीडिया को अधिकार है।

अनिल राजभर ने कहा कि आजादी की लड़ाई में पत्रकारों ने कितना योगदान दिया या किसी से छिपा नहीं है, बदले हुए जमाने में पत्रकारों की स्वीकारता भी बढ़ रही है और चुनौतियां भी बढ़ी है। मीडिया इससे निपटना भी जानता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सरकार के साथ समाज का भी दायित्व है। मीडिया द्वारा दिखाई गई बातों को जनता सच मानती है। ऐसे में मीडिया जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है। आज देश बढ़ रहा है, ऐसे में पत्रकारों की भूमिका भी एक अलग किस्म के रूप में सामने आनी चाहिए।

**पत्रकारों की समस्याओं का हल कराया जाएगाः दयाशंकर मिश्र**

एनयूजे वाराणसी के शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि और उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि पत्रकारिता कल और आज का भेद दिखाती है। कहा जाता है कि पत्रकारिता में गिरावट आई है। गिरावट सभी क्षेत्रों में आई है। राजनीतिभी इससे अछूती नहीं है। इसे गिरावट नहीं मानना चाहिए, यह परिवर्तन का हिस्सा है। आज समाज में विभिन्न हिस्सों में परिवर्तन आया है। कल और आज की तुलना में हर जगह परिवर्तन है लेकिन इसको गिरावट नहीं कहा जा सकता। यह परिस्थितियों की मांग है, आज व्यवस्था है।

श्री मिश्र ने कहा कि समाज में कठिनाइयां बढ़ रही है। इसके बावजूद पत्रकार जनता के सामने सच लाने का कार्य कर रहे हैं। मीडिया केबताए सच के कारण ही समाज गुमराह नहीं होता। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए सजग है।पत्रकारों की सभी समस्याओं का निराकरण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयत्न कर रही है।

एनयूजे वाराणसी के पदाधिकारियों ने निष्पक्ष पत्रकारिता की शपथ ली एनयूजे इंडिया के अध्यक्ष रास बिहारी ने एनयूजे वाराणसी के सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल सिंह, उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह रानू, डा.गिरीश कुमार दुबे, अरुण कुमार सिंह, रत्नेश राय, डा. लोकनाथ पांडेय, महासचिव राजीव पाण्डेय, मंत्री घनश्याम मिश्र, राजकुमार सोनकर कुवर, राजेन्द्र मोहन लाल श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष राहुल सिंह ने शपथ ली।

**जाति न पूछो पत्रकार की अभियान चलाया जाएगाः रास बिहारी**

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता और एनयूजेआई अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि मीडिया के समक्ष आज कई चुनौतियां हैं। कांग्रेस पार्टी के नेताराहुल गांधी पत्रकारों की जाति पूछ रहे हैं। यह मीडिया में एक खतरनाक स्थिति बनाने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने कांग्रेसमुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भी पत्रकारों से इस तरह से सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा कि देश में उग्र भीड़ द्वारा जगहझ्जगहपत्रकारों पर कवरेज के दौरान हमले किए जा रहे हैं। ऐसे हमलों को रोकने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता है।

श्री रास बिहारी ने कहा कि वाराणसी ने विश्व को धर्म, आध्यात्म, शिक्षा और पत्रकारिता में नेतृत्व दिया है। कबीरदास की साधना स्थलीसे जाति न पूछो पत्रकार अभियान का प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया की तरफ से जवाब देने के लिए जाति न पूछोपत्रकार की अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जल्दी ही दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों की बैठक बुलाकर रणनीति तैयार की जाएगी।

श्री रास बिहारी ने कहा कि वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी की देश के निर्माण में प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कम उम्र में मौत पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिंता जताई है। देश के सभी पत्रकारों के स्वास्थ्य की जांच और मेडिकल सुविधाएं दिलाने के लिए प्रधानमंत्री जल्दी ही ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया को कब्रगाह बनाने में सबसे बड़ी भूमिका कांग्रेस पार्टी ने निभाई है।पश्चिम बंगाल में भी आज ऐसा ही हो रहा है, हालांकि आज उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं कम हो रही है।

**एनयूजे कोषाध्यक्ष अरविन्द सिंह ने किया अतिथियों का स्वागत**

पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह और संगोष्ठी में पधारे सभी अतिथियों का एनयूजेआई कोषाध्यक्ष डॉक्टर अरविंद सिंह स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें अति प्रसन्नता हो रही है। भगवान भोले की नगरी अपने सभी अतिथियों को स्वस्थ और कुशलता से रखती है, ऐसी काशी नगरी है। उन्होंने कहा कि एनयूजे वाराणसी के इकाई के पदाधिकारी और सदस्य काशी की पत्रकारिता के इतिहास को और समृद्ध बनाएंगे। पत्रकारों के कल्याण और अधिकार में वाराणसी के पत्रकार पूरा सहयोग करेंगे। एनयूजे उत्तर प्रदेश के संरक्षक के बख्श सिंह कहा कि राष्ट्र के निर्माण में पत्रकारों की भूमिका अहम है। आज पत्रकारों का विश्वास समाज में कम हो रहा है इसका कारण हम स्वयं है हमको आज पुनः अपना विश्वास जगाने की आवश्यकता है। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र दुबे ने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों के लिए एनयूजे की बड़ी भूमिका है। इस अवसर एनयूजे उत्तर प्रदेश के महासचिव संतोष भगवन, कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान, संतोष पांडे, डॉ योगेश सिंह, राकेश श्रीवास्तव और उधम सिंह का सम्मान किया गया।

**मीडिया कर रही है निष्पक्ष कार्यः अशोक तिवारी**

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि और वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने कहा कि आज मीडिया निष्पक्ष कार्य कर रही है। उन्होंने कहाकि वाराणसी में ऐसी ऐसी प्रतिभाएं थी, जिन्होंने देश को जागरूक करने का कार्य किया है। वाराणसी अपनी इसी परंपरा को आगे बढ़ारही है,ऐसा विश्वास है। उन्होंने कहा कि मीडिया वाराणसी नगर निगम की कमियों को उजागर करें, इसके बाद कमियों को दूर किया जाएगा।

**पत्रकारों के बारे में भी सोचे सरकार और समाजझ स्नेह रंजन**

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार स्नेह रंजन ने कहा कि आज समाज में पत्रकारों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। यहसोचने की आवश्यकता है कि पत्रकारों के लिए क्या किया जा रहा है। पत्रकारों के गिरते स्वास्थ्य की सभी को चिंता करनी चाहिए। पत्रकारों पर ध्यान देना सरकार की ही जिम्मेदारी है। आज भारतीय प्रेस परिषद में सबसे अधिक मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि आजजिन पत्रकारों से जाति पूछी जाए उनको पलट कर जवाब देना चाहिए, हमको ऐसा वातावरण बनाने की आवश्यकता है। सोशल मीडियाने हमको कहां पर लाकर खड़ा कर दिया है हमको ऐसी व्यवस्था पर भी ध्यान देना है। एडिटर लेस मीडिया हमको खतरनाक व्यवस्था मेंलाकर खड़ा कर देता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वेणीमाधव ने किया। संगोष्ठी में पधारे अतिथियों का स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र औरपुष्पगुच्छ देकर, प्रदीप कुमार सिंह, मनीष सिंह, राजेंद्र मोहनलाल श्रीवास्तव, संजय सिंह, अरुण सिंह अरुण मिश्रा,अजय राय, राजीव सिंह रानू, गिरीश दुबे, रत्नेश राय, राजेश चौबे, घनश्याम मिश्र, राजकुमार सोनकर कुवर, दिनेश तिवारी, मिराज फारुखी,राकेश कुमार सिंह, रविन्द्र गिरी, अरविन्द तिवारी, अजय चौबे, राजेन्द्र कुमार गुप्ता ने सम्मानित किया। वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्र, वेदप्रकाश सिंह, अशोक सिंह, आलोक श्रीवास्तव आदि वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

# जनता को माथे पर बैठाकर सेवा करती है अच्छी सरकार : सीएम योगी

**▶▶ मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन और शिलान्यास किया**

**▶▶ डबल इंजन सरकार में विकास भी, गरीब कल्याण भी : सीएम योगी**



करण वाणी, न्यूज

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर के ताल नदोर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। 80 एकड़ में बनने वाले इस महाविद्यालय के निर्माण पर करीब 350 करोड़ रुपये की लागत आएगी। भूमि पूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह जनता जनार्दन को सिरझमाथे पर बैठाकर सेवा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ऐसी ही है। इस सरकार में विकास है तो गरीब कल्याण भी। इसमें सुरक्षा, आजीविका, आस्था के सम्मान के साथ समृद्धि भी है।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिका पूजन तथा बटन दबाकर शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में लोगों को गुंडेझमाफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था और बाकीपब्लिक देखती रह जाती थी। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा नहीं है। हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहींआई। इस समझ को बनाए रखना है और लोकसभा चुनाव में फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार चार सौ पार के नारे को साकार करना है।

**भविष्य में विश्वविद्यालय बनेगा यह महाविद्यालय**

सीएम योगी ने लोगों को यह भरोसा दिलाया कि ताल नदोर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में विश्वविद्यालयबना दिया जाएगा। तब गोरखपुर में पांच विश्वविद्यालय हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में पशुओं के इलाज के साथ नस्लसुधार के कार्य भी होंगे। यहां फिशरीज से जुड़े कार्यक्रम को भी आगे बढ़ाया जाएगा। यहां पढ़ाई कर युवा पशु चिकित्सक बन सकेंगे, उनके पास करियर बनाने का नया प्लेटफार्म होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस महाविद्यालय की ड्राइंग श्रावस्ती के राजा शालिहोत्र की परिकल्पना पर डिजाइन की गई है। राजा शालिहोत्र ने तीसरी सदी में शालिहोत्र संहिता रचकर पशुधन के क्षेत्र को समृद्ध किया।

**इसी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और गोशाला भी बनेगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लंबे समय तक पिछड़े रहे दक्षिणांचल को डबल इंजन की सरकार विकास की नई रफ्तार के साथ आगे बढ़ा रही है। वाराणसी फोरलेन और पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के साथ जल्द ही इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाया जाएगा। महाविद्यालय के पास नगर निगम 50 एकड़ में गोशाला बनवाने जा रहा है। गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुएसीएम ने कहा कि जो खाद कारखाना कांग्रेस सरकार में बंद हो गया था, उसे मोदी सरकार ने शुरू कर दिया। गोरखपुर में एम्स बन गयाहै। लिंक एक्सप्रेस वे चालू होने वाला है। गीडा में बड़े पैमाने पर उद्योग लगने से पांच हजार युवाओं को यहीं रोजगार मिल गया है।

**अयोध्या में पहले चलती थी गोली, आज पलक पांवड़े बिछाकर होता है स्वागत**

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए लोगों से सवाल किया कि क्या सपाझबसपा की सरकार अयोध्या में मंदिर बनवा पातीं? लोगों ने समवेत जवाब दियाझनहीं। इस ओर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले अयोध्या में रामभक्तों पर गोली चलती थी, आज पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत होता है। लंगर चल रहे हैं। भगवान का आशीर्वाद भी मिल रहा है और प्रसाद भी।

**हर कार्यकर्ता रविकिशन बनकर मांगेगा वोट**

सीएम योगी ने लोकसभा चुनाव में गोरखपुर से घोषित प्रत्याशी, सांसद रविकिशन शुक्ल के पक्ष में समर्थन की अपील करते हुए कहाकि हर कार्यकर्ता रविकिशन बनकर घर घर जाएगा और वोट मांगेगा। कार्यक्रम को संबोधित करने से पूर्व सीएम ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के मॉडल का भी अवलोकन किया।

**मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को सम्मानित किया**

कार्यक्रम के मंच से सीएम योगी ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना, नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशु पालक प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

शिलान्यास समारोह में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक राजेश त्रिपाठी, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से किया इनकार

करण वाणी, न्यूज

भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है. बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से अपना उम्मीदवार बनाया था जहां से फिलहाल टीएमसी नेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं.

भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है. बीजेपी ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से अपना उम्मीदवार बनाया था जहां से फिलहाल टीएमसी नेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं.

पवन सिंह ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं. पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया लेकिन किसी कारणवश में आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगाझ' पवन सिंह के इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने उन पर चुटकी ली है. अभिषेक बनर्जी ने लिखा, 'पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य भावना और ताकत.'

इससे पहले जब बीजेपी ने आसनसोल सीट के लिए शनिवार को पवन सिंह के नाम का ऐलान किया तो उन्होंने तुरंत पोस्ट करते हुए बीजेपी आलाकमान को धन्यवाद दिया था.

उन्होंने लिखा, 'आसनसोल से मुझे लोकसभा उम्मीदवार बनाए जानेक के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के सभी माननीय महानुभावों का वंदन चंदन व अभिनंदन करते हैं.'



हिन्दी साप्ताहिक
**करण वाणी**



# नफे सिंह राठी हत्याकांड में 2 शूटर गिरफ्तार

# हरियाणा-दिल्ली पुलिस की जॉइंट टीम ने गोवा से पकड़ा

नफे सिंह राठी हत्याकांड में पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर दो शूटर्स को गोवा से दबोच लिया है. दोनों ही शूटर्स के कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े होने की आशंका है. इस मर्डर केस में पुलिस को फिलहाल दो और शूटर्स की तलाश है।






**करण वाणी, न्यूज**

इंडियन नेशनल लोकदल के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी हत्याकांड के दो शूटर को पुलिस ने गोवा से गिरफ्तार किया है. शूटर्स के नाम सौरव और आशीष हैं. दोनों दिल्ली के नांगलोई इलाके के रहने वाले हैं. शूटर्स के कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े होने की आशंका है. दोनों को झज्जर पुलिस, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एसटीएफ ने मिलकर जॉइंट ऑपरेशन में पकड़ा है. पुलिस को फिलहाल दो और शूटर्स की तलाश है.

बताते चलें कि नफे सिंह राठी 25 फरवरी को अपनी फॉर्चूनर कार में सवार थे. जब उनकी गाड़ी बराही फाटक के पास पहुंची, तो आई-10 कार में सवार हमलावरों ने पूर्व विधायक पर गोलियां बरसा दीं. बताया जा रहा है कि हमलावरों ने 40 से 50 राउंड फायरिंग की थी. हमले में नफे सिंह के अलावा उनके सुरक्षाकर्मी जय किशन की मौत हो गई थी. इस हत्याकांड की जिम्मेदारी लंदन में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान ने ली है.

दो दिन पहले ही झज्जर पुलिस ने नफे सिंह हत्याकांड में चिह्नित 3 आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था. आरोपियों की पहचान आशीष, नकुल सांगवान उर्फ दीपक सांगवान और अतुल के रूप में की गई थी. पुलिस ने कहा था कि आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले को एक-एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा.

**परिवार को मिल रही धमकियां**

नफे सिंह राठी के 2 बेटों को कथित तौर पर एक अज्ञात नंबर से 18 बार धमकी भरी कॉल आई थीं. उनसे हत्या के बारे में मीडिया से बात न करने को कहा गया था. यह जानकारी मृतक नेता के भतीजे कपूर सिंह राठी ने दी थी. उन्होंने बताया था कि उनके चाचा के बड़े बेटे भूपिंदर और छोटे बेटे जतिंदर को अज्ञात नंबर से 18 धमकी भरे कॉल आए. झज्जर के एसपी डॉ. अर्पित जैन का दावा है कि धमकी की जांच की जा रही है. धमकी देने वाले की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

पुलिस ने दर्ज की एफआईआर में पूर्व बीजेपी विधायक नरेश कौशिक और अन्य को नामजद किया है. इसमें 5 अज्ञात आरोपियों का भी जिक्र है. मामला 302 (हत्या) और शस्त्र अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है. नफे सिंह राठी के भतीजे राकेश ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा है कि 5 अज्ञात हमलावर एक कार से पीछा कर रहे थे. ये लोग बाहर आए और बराही रेलवे क्रॉसिंग के पास अंधाधुंध गोलीबारी की

# आखिरी कैबिनेट में मोदी बोले- जीतकर आइए, जल्दी मिलेंगे

▶▶ 5 साल की योजनाओं और मोदी 3.0 के पहले 100 दिन की प्लानिंग पर चर्चा

▶▶ केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक दिल्ली के चाणक्यपुरी डिप्लोमैटिक एन्क्लेव सुषमा स्वराज भवन में हुई।

**करण वाणी, न्यूज**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार 3 मार्च को कैबिनेट मीटिंग हुई। मोदी कैबिनेट की यह आखिरी बैठक थी। इसमें ढट मोदी ने लोकसभा चुनाव के पहले एक ही सीधा संदेश दिया- जाइए, जीतकर आइए। हम जल्दी मिलेंगे। ये मीटिंग एक तरह से ब्रेनस्टॉर्मिंग सेशन की तरह बताई जा रही है।

मीटिंग में अगले 5 साल की योजनाओं, विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047 और मोदी के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की प्लानिंग पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि लोगों से मिलते वक्त (खासकर चुनाव के दौरान) सावधानी बरतें। करीब एक घंटे के भाषण में मोदी ने मंत्रियों को विवादों से दूर रहने और डीपफेक से भी सावधान रहने को कहा।

मोदी ने मंत्रियों से ये भी कहा कि वे चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के बीच जाएं और सरकार द्वारा विकास और लोगों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों को बताएं।

मोदी सरकार की नीतियों पर चर्चा करने के लिए समय-समय पर मंत्रिपरिषद की बैठकें करते रहे हैं, लेकिन रविवार (3 मार्च) को आयोजित बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग अगले 15 दिनों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

**क्या है विकसित भारत?**

सूत्रों के मुताबिक, विकसित भारत एक कॉम्प्रिहेंसिव ब्लूप्रिंट है, जिसमें राष्ट्रीय सोच (नेशनल विजन), उम्मीदों (एस्पिरेशंस), लक्ष्य (गोल) और क्या करेंगे (एक्शन पॉइंट्स) को शामिल किया गया है।

विकसित भारत का रोडमैप दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है और इसे सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया है।

दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के आखिरी दिन (18 फरवरी) को ढट मोदी ने समापन भाषण दिया था।



दिल्ली के भारत मंडपम में 17-18 फरवरी को इखढ का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन चला था। इस कार्यक्रम में ढट नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे। ढट ने कार्यकताओं से कहा- हर बूथ पर पार्टी को 370 वोट बढ़ाने होंगे। 100 दिनों का जनसंपर्क अभियान चलाना है। भाजपा के पिछले 10 साल के कामों का भी प्रचार करना होगा।

पीएम ने कहा कि भाजपा को 370 और 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। ये उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार मिले वोटों में कम से कम 370 वोट बढाएं। उन्होंने कहा कि जो फर्स्ट टाइम वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें, बल्कि माताओं, बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

पीएम ने कहा कि विपक्ष तू-तू, मैं-मैं की राजनीति करेगा और अनावश्यक आरोपों का कीचड़ उछालेगा, लेकिन हमें गरीब कल्याण के कामों से लेकर विकास की उपलब्धियों के आधार पर जनता का समर्थन हासिल करना है।

# स्पेनिश लेडी गैंगरेप केसः पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा

**झारखंड के दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्पेनिश महिला के साथ हुए गैंगरेप केस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया है. इसके बाद पीड़िता के पति ने पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया है. इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भेज दिया है।**

करण वाणी, न्यूज

झारखंड के दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में एक स्पेनिश महिला के साथ हुए सनसनीखेज गैंगरेप केस में पुलिस जांच जारी है. इसी बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता को 10 लाख रुपए (11126.20 यूरो) का मुआवजा दिया है. यह मुआवजा झारखंड विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के तहत दिया गया है. डीसी ए.दोड्डे, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार और पीडीजे अनिल कुमार मिश्रा की मौजूदगी में मुआवजे का चेक पीड़िता के पति को सौंपा गया है. इस मौके पर एक स्पेनिश जर्नलिस्ट भी मौजूद थी. चेक लेने के बाद पीड़िता के पति ने पुलिस और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि वो अब तक की जांच से संतुष्ट हैं.

इस गैंगरेप केस की जांच कर रही झारखंड पुलिस की एसआईटी ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है. उन्हें रविवार को मेडिकल जांच के बाद फर्स्ट क्लास जुडिशल मजिस्ट्रेट सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया था. वहां जज ने सुनवाई के बाद तीनों को ज्यूडिशियल कस्टडी में दुमका सेंट्रल जेल भेज दिया था. दूसरी तरफ विदेशी दंपति को भी 164 के बयान के लिए कोर्ट में पेश किया गया था. उनके बयान दर्ज किए जा चुके हैं. इस केस की जांच एसआईटी और सीआईडी मिलकर कर रही है. उसकी अगुवाई में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी पहुंची. वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गई.

बताते चलें कि गैंगरेप की वारदात दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमापहाड़ी पहाड़ी क्षेत्र में हुई है. यहां स्पेन की रहने वाली महिला अपने पति के साथ घूमने पहुंची थी. दोनों टूरिस्ट वीजा पर भारत आए हुए हैं. पाकिस्तान से बांग्लादेश होते हुए झारखंड के दुमका में पहुंचे थे. यहां हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रात को रुके हुए थे. उनको नेपाल जाना था. शुक्रवार की रात करीब आठ से दस लोग वहां पहुंचे और महिला के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया. इसके बाद रेप पीड़िता को पुलिस एस्कॉर्ट के साथ दुमका सदर अस्पताल लाया गया. पीड़िता अपने पति के साथ खुद बाइक चलाते हुए दुमका के सरकारी अस्पताल पहुंची थी.

पीड़िता और उसके पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी. पीड़िता ने पुलिस के सामने जो आपबीती बताई उसे सुनकर हर किसी का दिल दहल उठा. उसने बताया था कि रात को सात लोग उसके टेंट में घुस गए थे. उन लोगों ने पहले उन्हें जमकर मारापीटा. इसके बाद उनके हाथ पैर बांध दिए. पीड़िता महिला ने बताया, 'मुझे लग रहा था कि वो लोग उस रात मेरी हत्या कर देंगे, लेकिन भगवान की कृपा से मैं अभी भी जिंदा हूं.' उसका आरोप है कि आरोपियों ने उनसे 300 डॉलर, 11 हजार रुपए और एक डायमंड रिंग भी



लूटकर ले गए. आरोपियों में एक 30 साल और अन्य 20-22 साल के थे.

विदेशी महिला से गैंगरेप मामले को लेकर विपक्ष ने सदन में मामला उठाया. भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी निंदा करते हुए दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा था कि हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार में महिलाएं पूरी तरह से असुरक्षित हैं. अविलंब दोषियों की गिरफ्तारी की जाए और स्पेनिश महिला को हरसंभव सहायता पहुंचाई जाए. इस घटना की गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी सुनाई देगी. इस घटना ने राज्य सरकार की विधि व्यवस्था की पोल खोल दी है. यह राज्य सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है. राज्य सरकार को अविलंब कठोर कार्रवाई करनी चाहिए. फिलहाल झारखंड पुलिस इस मामले की तत्परता से जांच में जुटी हुई है.

# इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस को यूपी में मिला स्वामी प्रसाद मौर्य का साथ

**आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन एकजुट होता दिख रहा है. यूपी में विपक्षी दलों को एक दल का समर्थन मिल गया है।**

करण वाणी, न्यूज

लोकसभा चुनाव से पहले यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन के लिए अच्छी खबर हैं. प्रदेश में इंडिया अलाइंस को एक ओर सहयोगी दल मिल गया है. सपा से अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन के समर्थन का एलान किया है. उन्होंने कहा कि आज ये गठबंधन देश की जरुरत हैं, इसलिए उनकी पार्टी बिना किसी शर्त के इसका समर्थन करेगी.

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि, "इंडिया अलाइंस का साथ देने के बात है तो राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन के दिन ही मैंने एलान किया था कि आने वाले लोकसभा चुनाव में देश को बचाने के लिए.. लोकतंत्र को बचाने के लिए.. संविधान को बचाने के लिए और देश में बढ़ी हुई महंगाई पर रोक लगाने, नौजवानों को रोजगार दिलाने, किसानों को इंसाफ दिलाने..व्यापारियों को शोषण से मुक्त कराने और जातिगत जनगणना कराने के लिए इंडिया अलाइंस आज देश का आवश्यकता है."

इंडिया गठबंधन को समर्थन का एलान

मौर्य ने कहा कि "हमारी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी इंडिया अलाइंस को सपोर्ट करेगी वो भी बिना शर्त सपोर्ट करेगी. इंडिया अलाइंस हिस्सेदारी देती है तो भी सपोर्ट हैं नहीं




देती है तो भी सपोर्ट है क्योंकि इंडिया गठबंधन आज देश की आवश्यकता है." स्वामी प्रसाद मौर्य के आने से पूर्वांचल में इंडिया गठबंधन को मजबूती मिलेगी.

यूपी में हुए राज्यसभा चुनाव से पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराज होकर पार्टी छोड़ दी थी. इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर भेदभाव करने का आरोप लगाते पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था. जिसके बाद 22 फरवरी को ही उन्होंने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में नई पार्टी बना ली. मौर्य ने नई पार्टी का गठन करने के बाद ही एलान किया था कि वो इंडिया गठबंधन को समर्थन देंगे.

कुछ दिनों पहले तक जहां इंडिया गठबंधन बिखरता हुआ दिख रहा था अब तस्वीर बदलती हुई दिखाई दे रही है. विपक्षी दल एक बार फिर से एकजुट होते दिख रहे हैं. यूपी समेत कई राज्यों सीटों को लेकर भी सहमति बन चुकी है. ऐसे में अब लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती दिख रही है.

# 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर जारी, खूब जंचे रणदीप हुड्डा

**एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और रणदीप हुड्डा अभिनीत फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज जारी किया गया और इसने दर्शकों को उत्सुक कर दिया है।**




करण वाणी, न्यूज

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और रणदीप हुड्डा अभिनीत फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर आज जारी किया गया और इसने दर्शकों को उत्सुक कर दिया है। हालांकि, अंकिता लोखंडे ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल नहीं हो सकीं, लेकिन उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपना सपोर्ट दिखाया। ट्रेलर आपको राजनेता और कार्यकर्ता विनायक दामोदर सावरकर की यात्रा और भारत की स्वतंत्रता के लिए उनके संघर्ष से रूबरू कराता है। ट्रेलर में जहां रणदीप हुडा ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है, वहीं अंकिता लोखंडे उनकी पत्नी का किरदार निभाकर सभी को उतना ही प्रभावित कर रही हैं। अंकिता की भूमिका, जिसने दर्शकों को समान रूप से आकर्षित किया है, कहानी को उजागर करने में महत्वपूर्ण है। फिल्म का ट्रेलर मीडिया की उपस्थिति में दिखाया गया और इसने उन्हें काफी प्रभावित भी किया है।


अंकिता और रणदीप के किरदारों में गहराई यह है कि दोनों वास्तविक शख्सियतों से काफी मिलते-जुलते दिखते हैं, जो उन्हें भरोसेमंद और विश्वसनीय बनाता है। 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' की भूमिका निभाने में रणदीप के दृढ़ विश्वास और उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाने के लिए अंकिता के समर्पण ने फिल्म के प्रति जनता के बीच प्रत्याशा बढ़ा दी है। फिल्म में रणदीप हुडा और अंकिता लोखंडे के अलावा अमित सियाल भी अहम भूमिका में हैं।

DNM GROUP OF INSTITUTIONS
LUCKNOW
पॉलिटेक्निक
डी. फार्मा
बी.ए.
बी.एस.सी
Admission Open
7880341111
www.dnmiet.ac.in
एन.एच.25-ए,कटी बगिया (साई मंदिर के पास), बंथरा, कानपुर रोड, लखनऊ

# 24 घंटे में दें खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा: सीएम योगी

▶▶ खराब मौसम और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई करेगी योगी सरकार
▶▶ सीएम योगी ने अधिकारियों को लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी
▶▶ 2 मार्च तक 50 जिलों के 7020 अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए किया आवेदन



करण वाणी, न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर रात से प्रदेश में खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से अन्नदाता किसान कीफसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारोंको मौके पर जाकर तत्काल सर्वे कराकर संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराने के लिए आदेशित किया है ताकि 24 घंटे मेंअन्नदाताओं के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने मेंलापरवाही न करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ीकार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 2 मार्च तक 50 जिलों के सात हजार से अधिक किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिएआवेदन किया है। सर्वे पूरा होने के बाद फसलों के नुकसान का मुआवजा बीमा कंपनियों के साथ राजस्व विभाग से भी दिया जाएगा।वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से अति आवश्यक कार्य पर ही घर से निकलने कीअपील की है।

**50 जिलों के सात हजार से अधिक अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए किया आवेदन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की क्षतिपूर्ति कामुआवजा किसानों को देने के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जल्द से जल्द विभाग के पोर्टल पर सर्वे रिपोर्ट लगाने के निर्देश दिये हैं। वहीं 2 मार्च तक प्रदेश के 50 जिलों के अन्नदाताओं ने खराब मौसम, तेज हवा और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। राहत विभाग केपोर्टल के अनुसार 50 जिलों के 7020 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। इसके सापेक्ष2681 आवेदनों का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है जबकि 4339 आवेदनों को सर्वेक्षण युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। वहींबता दें कि खराब मौसम को देखते हुए क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के आवेदनों में अभी और इजाफा हो सकता है।

**सबसे ज्यादा हमीरपुर के 1256 अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए किया आवेदन**

प्रदेश में हमीरपुर के सबसे ज्यादा 1256 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए आवेदन किया है। इसी तरह जालौन के997, मीरजापुर के 969, ललितपुर के 812, झांसी के 650 और बांदा के 580 अन्नदाताओं ने क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिएआवेदन किया है जबकि आधा दर्जन जिलों के 100 से अधिक अन्नदाताओं ने मुआवजे के लिए आवेदन किया है। मालूम हो कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है। वहीं राहत विभाग ने खराब मौसम को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 3 घंटे में अमेठी, अयोध्या, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, श्रावस्ती, सीतापुर और उन्नाव में कई स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ हवा की गति 40- 60 किमीप्रति घंटे होने की संभावना जताती है। ऐसे में विभाग ने लोगों को घरों से बहुत जरूरत होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है ताकिकिसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

# टमाटर की खेती से लाखों की कमाई

करण वाणी, न्यूज

**लागत से अधिक होगा मुनाफा साल में दो बार कर सकते हैं टमाटर की खेती**

भारत में टमाटर की खेती बड़े स्तर पर होती है. कई किसान टमाटर की खेती कर बड़ा मुनाफा कमाते हैं. अगर आप 1 हेक्टेयर में भी टमाटर की खेती करते हैं, तो आपके पास 800 से 1200 क्विंटल टमाटर का उत्पादन होगा।

**टमाटर की खेती के लिए कैसी होनी चाहिए मिट्टी?**

टमाटर की खेती अलगझअलग तरह की मिट्टी पर की जा सकती है. इसके लिए रेतीली दोमट से लेकर चिकनी मिट्टी, लाल और काली मिट्टी तक पर खेती की जा सकती है. बस एक चीज का ध्यान रखें, जो भी मिट्टी आपके खेत में हो, उसमें पानी की उचित निकासी होनी चाहिए।

**कब करनी चाहिए टमाटर की खेती?**

अगर उत्तर भारत की बात करें तो टमाटर की खेती यहां साल में दो बार की जाती है. पहली खेती जुलाईझअगस्त से शुरू होकर फरवरीझमार्च तक चलती है. वहीं, दूसरी खेती नवंबरझदिसंबर से लेकर जूनझजुलाई तक चलती है।

**इस खेती में होता है कितना फायदा?**

टमाटर की खेती में किसान बड़ा फायदा उठा सकते हैं. किसान एक हेक्टेयर में 800-1200 क्विंटल तक पैदावार पा सकते हैं. ज्यादापैदावार की वजह से किसानों को लागत से ज्यादा मुनाफा होता है. आप अगर एक हेक्टेयर में खेती कर रहे हैं, तो आप 15 लाख तककी कमाई कर सकते हैं।

**एक हेक्टेयर जमीन के लिए चाहिए कितने टमाटर के बीज?**

अगर आप सामान्य किस्म का टमाटर लगाते हैं तो प्रति हेक्टेयर आपको करीब 500 ग्राम बीज की जरूरत होगी, जबकि हाइब्रिड बीच250-300 ग्राम ही चाहिए होगा।

**खेती से पहले बीजों से नर्सरी तैयार की जाती है?**

टमाटर की खेती में सबसे पहले बीजों से नर्सरी तैयार की जाती है. करीब महीने भर में नर्सरी के पौधे खेतों में लगाने लायक हो जाते हैं।

**कैसे करें खेत की सिंचाई?**

सर्दियों के मौसम में 6 से 7 दिन के अंतराल पर आपको खेत की सिंचाई करनी चाहिए और गर्मी के महीने में मिट्टी की नमी के आधार पर10-15 दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें।



**कितना तापमान खेती के लिए उचित?**

टमाटर एक ऐसी सब्जी है जो गर्म जलवायु में ही उगाई जाती है परंतु इसकी खेती ज्यादातर ठंडे मौसम में की जाती है. इसके सफलउत्पादन के लिए इसका तापमान 21 से 23 डिग्री अनुकूल माना जाता है।

**ये राज्य हैं टमाटर के प्रमुख उत्पादक?**

बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल टमाटर के मुख्य उत्पादक वाले राज्य हैं. पंजाब में, अमृतसर, रोपड़, जालंधर, होशियारपुर टमाटर उगाने वाले जिले हैं।

हिन्दी साप्ताहिक
करण वाणी


# वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर सांसदों, विधायकों को अभियोजन से कोई छूट नहीं: न्यायालय

**करण वाणी, न्यूज**

सुप्रीम कोर्ट ने झामुमो रिश्वत मामले में अपने साल 1998 के बहुमत के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि संसद और विधानसभाओं के सदस्यों को मतदान के लिए रिश्वत लेने या सदन में एक निश्चित तरीके से बोलने के लिए अभियोजन से छूट दी गई थी. लाइव लॉ के अनुसार, सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली की सात न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि पिछले फैसले का सार्वजनिक हित, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और संसदीय लोकतंत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ता है. अगर इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो इस अदालत द्वारा त्रुटि को बरकरार रखने की अनुमति देने का गंभीर खतरा है. साल 2012 में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सीता सोरेन पर राज्यसभा वोट के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था और उन्होंने अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट का दावा किया था. जब झारखंड हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी, तो सोरेन ने इसे शीर्ष अदालत में चुनौती दी, जिसने अक्टूबर 2023 में मामले की सुनवाई शुरू की थी. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वत का अपराध रिश्वत लेते ही ह्यपूर्णह्ण हो जाता है और यह इस बात पर निर्भर नहीं हो सकता है कि इसे पाने वाले ने वादा पूरा किया है या नहीं.

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने लोकसभा चुनाव का टिकट लौटा दिया है. एनडीटीवी के अनुसार, रावत ने यह निर्णय एक कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद लिया है. उनका कहना है कि जब तक उन्हें इस मामले में क्लीन चिट नहीं मिल जाती है, वे चुनाव नहीं लड़ेंगे. शनिवार को जारी भाजपा के 195 प्रत्याशियों की पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मौजूदा सांसदों का नाम था. उपेंद्र सिंह रावत को भी उनकी बाराबंकी सीट से दोबारा टिकट दिया गया था. रावत ने उक्त आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद कहा था कि यह एडिटेड वीडियो है जो डीपफेक एआई द्वारा जेनरेटेड है, जिस बाबत उन्होंने एफआईआर दर्ज करवाई है. उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जांच का जोड़ा है कि ह्यजब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा.

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में शर्मनाक हार के कुछ दिनों बाद भाजपा ने दोनों डिप्टी मेयर पदों पर जीत दर्ज की है. इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सोमवार को हुए पुनर्मतदान में ह्यइंडियाह्ण गठबंधन- आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस, द्वारा संयुक्त रूप से मैदान में उतारे गए प्रत्याशियों को हराया. भाजपा के कुलजीत संधू ने गठबंधन उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह गबी के खिलाफ 3 वोटों के अंतर से जीत हासिल की. भाजपा ने डिप्टी मेयर का पद भी दो वोटों के अंतर से जीत लिया. भाजपा के राजिंदर शर्मा को जहां 19 वोट मिले,



वहीं गठबंधन प्रत्याशी निर्मला देवी को 17 वोट मिले. कुल 36 वोट पड़े. 30 जनवरी को भाजपा के मेयर पद के उम्मीदवार मनोज सोनकर झ्र जो मेयर घोषित होने के बाद इस चुनाव के प्रारंभिक पीठासीन अधिकारी थे- ने संधू और शर्मा को क्रमशः वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर घोषित किया था.हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम का वैध रूप से निर्वाचित मेयर घोषित फैसले के बाद इस निर्णय को रद्द कर दिया गया था.

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली के राउज एवेन्यू में उस जमीन को खाली करने का निर्देश दिया है जहां उसका पार्टी मुख्यालय बना हुआ है. लाइव लॉ के मुताबिक, इसे ह्यअतिक्रमणह्ण बताते हुए शीर्ष अदालत ने आगामी लोकसभा चुनावों के चलते पार्टी को दफ्तर खाली करने के लिए 15 जून तक का समय दिया है. शीर्ष अदालत ने फरवरी में पाया था कि आम आदमी पार्टी उस जमीन पर अतिक्रमण कर रही है, जो दिल्ली उच्च न्यायालय को एक विस्तार परियोजना झ्र राउज एवेन्यू कोर्ट के लिए अतिरिक्त कोर्ट रूम के निर्माण के लिए आवंटित की गई थी. शीर्ष अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित मामले के दौरान इस मामले पर ध्यान दिया था. आप ने तर्क दिया है कि राउज एवेन्यू कोर्ट के पास उसका पार्टी कार्यालय ह्यअतिक्रमणह्ण नहीं है क्योंकि इसे कोर्ट के विस्तार के लिए आवंटित किए जाने से बहुत पहले आवंटित किया गया था. हालांकि, अदालत ने आप से इसके कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन के लिए भूमि एवं विकास कार्यालय (एलडीओ) से संपर्क करने को भी कहा है.

केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत पतंजलि के संस्थान को दूसरा प्रोजेक्ट दिया गया है. इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सरकार ने हरिद्वार स्थित पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट (पीओआरआई) को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से उत्पन्न गाद (२'४ॉ) को प्राकृतिक खेती के लिए जैव-ठोस में बदलने और मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के लिए एक अध्ययन करने के एक परियोजना सौंपी है. परियोजना के प्रस्ताव को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा अनुमोदित किया गया है जो जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत आता है और केंद्र के महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम को लागू करता है. यह पहली बार नहीं है जब केंद्र ने पतंजलि के संस्थान को कोई प्रोजेक्ट सौंपा है. इससे पहले दिसंबर 2022 में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने गंगा के किनारे पुष्प विविधता की ह्यवैज्ञानिक खोजह्ण के लिए इस संस्थान के साथ पतंजलि अनुसंधान संस्थान को 4.32 करोड़ रुपये की एक परियोजना सौंपी थी.

# डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी चुनाव से पहले बड़ी राहत, चुनाव लड़ने का रास्ता साफ

**अमेरिकी अदालत ने पिछले साल डोनाल्ड ड्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत दी है।**

**करण वाणी, न्यूज**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ दिए दिए कोलोरोडा कोर्ट के उस आदेश के रद्द कर दिया है जिसमें उसने ट्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई थी। बता दें कि पिछले साल अमेरिका की कोलोराडो की अदालत ने ट्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के लिए अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का हवाला दिया गया था। इसमें कहा हया था कि सशस्त्र विद्रोह करने वालों के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत**

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में डोनाल्ड ट्रंप को राहत देते हुए कहा कि 14वें संशोधन के सेक्शन 3 को लागू करने का अधिकार स्टेट नहीं बल्कि कांग्रेस के हाथ में है। ऐसे में कोलोरोडा कोर्ट का फैसला ठीक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने आठ फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान इस कदम को संदेह की दृष्टि से देखा। सुप्रीम कोर्ट ने कोलोराडो कोर्ट पर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 14वें संशोधन की धारा तीन को लागू करने का अधिकार किसी निचली अदालत के पास नहीं है।

**ट्रंप पर क्या हैं आरोप?**

बता दें कि 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हार का सामने करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों ने कैपिटल हिल का घेराव कर लिया था। इस दौरान कैपिटल हिल पर हिंसा और तोड़फोड़ की खबरें भी सामने आई थीं। ट्रंप पर इन लोगों को उकसाने का आरोप लगा था। डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगा था कि उन्होंने व्हाइट हाउस खाली करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद जो बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की कमान संभाली और ट्रंप के खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800